बारिश | अगले तीन दिनों तक सामान्य से अधिक वर्षा की संभावना, जिले में अब तक 1395 .38 मिमी बारिश दर्ज

मंडला में झमाझम बारिश, छोटा रपटा पुल फिर डूबा

मंडला 24 अगस्त नभाप्र. मंडला जिले में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है और मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक सामान्य से अधिक वर्षा की चेतावनी जारी की है। जिले में विगत तीन चार दिनों से रुक-रूक कर और कभी-कभी तेज बारिश हो रही, जिससे जनजीवन पर असर पड़ रहा है। वहीं रूक रूक कर हो रही बारिश से गर्मी और उमस से भी राहत मिली है।

मौसम वैज्ञानिक आदित्य बिसेन ने बताया कि अचानक मौसम में बदलाव उत्तर पूर्वी मध्यप्रदेश और आसपास के क्षेत्रों में निम्म दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। जिसके कारण मौसम परिवर्तन हुआ है। यह ऊपरी वायु चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से 7.6 किलोमीटर ऊपर तक फैला हुआ है। अगले 24 घंटे के दौरान पश्चिम उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ने और उसके बाद धीरे-धीरे इसके कमजोर होने की भी संभावना बनी हुई है। इसके साथ ही वर्तमान में मानसून ट्रफ मध्य समुद्र तल पर बीकानेर, जयपुर, ग्वालियर, प्रयागराज, उत्तर पूर्वी मध्यप्रदेश और आसपास के क्षेत्रों में निम्न दबाव क्षेत्र का केन्द्र बना है, जो उत्तर पूर्वी बंगाल की खाड़ी तक है।

इसके साथ ही पश्चिमी विक्षोभ माध्य समुद्र तल के ऊपर एक द्रोणिका के रूप में बना हुआ है। वहीं एक ऊपरी हवा का चक्रवातीय परिसंचरण उत्तर पश्चिम मध्यप्रदेश और निकटवर्ती क्षेत्रों में माध्य समुद्र तल की ऊंचाई पर सक्रिय है। वहीं अगले 48 घंटो के दौरान ओडिशा पश्चिम बंगाल के तटो से दूर उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी में एक नया निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना भी है। जिससे जिले के सभी क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ बारिश जारी रहने की संभावना है।

नर्मदा नदी का बढ़ा जलस्तर

मंडला जिले में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण जीवनदायिनी नर्मदा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। बताया गया कि नर्मदा के तटवर्ती क्षेत्र में नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। जिसके बाद जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट हो गया है। जलस्तर बढ़ने के कारण नर्मदा के तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को चेतावनी जारी कर दी गई है। स्थानीय प्रशासन ने होमगार्ड और एसडीआरएफ की टीमों को निगरानी के लिए तैनात कर दिया है। लोगों से अपील की गई है कि वे नदी के करीब न जाएं और सावधानी बरतें। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और प्रशासन हर स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए है।

खरीफ फसलों के लिए फायदेमंद

मौसम विभाग के अनुसार जिले में इस मानसून सीजन में अब तक 1395 .38 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, वहीं 24 घंटे में 41.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जो सामान्य से अधिक है। यह बारिश मुख्य रूप से कृषि प्रधान जिले के लिए वरदान साबित हो सकती है, क्योंकि यह खरीफ फसलों के लिए बेहद फायदेमंद है। हालांकि कुछ क्षेत्रों में लगातार और भारी बारिश से फसलों को नुकसान होने की भी संभावना बनी हुई है।

नर्मदा तट में संपन्न हुआ झूलेलाल चालीसा महोत्सव

बैंड-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा

बहिराणा साहिब का पूजन और विशाल भंडारे के साथ उत्सव संपन्न

मंडला 24 अगस्त नभाप्र. श्री झूलेलाल चालीसा महोत्सव का धूमधाम से मनाया गया। यह 40 दिवसीय धार्मिक आयोजन 16 जुलाई को शुरू हुआ था और शुक्रवार को चालीस दिन पूरे होने पर इसका भव्य समापन रविवार को किया गया। इस महोत्सव के दौरान हर शुक्रवार को महाआरती, सांस्कृतिक कार्यक्रम, छप्पन भोग और अन्य धार्मिक आयोजन हुए जो श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र रहा। महोत्सव के समापन अवसर पर सभी भक्तों ने हवन-पूजन किया, जिन्होंने 40 दिनों का व्रत रखा था, उनके द्वारा द्वारा हवन, पूजन किया एवं आहूति दी। इसके बाद भगवान श्री झूलेलाल की विशेष आरती की गई और चालीसा अखंड ज्योति के दर्शन हुआ। समारोह में बहिराणा साहिब का भी विधि-विधान से पूजन किया गया।

महाआरती और भंडारे के साथ हुआ समापन

कलश यात्रा अंबेडकर वार्ड स्थित श्री झूलेलाल मंदिर से शुरू हुई और पड़ाव, चिलमन चौक, बड़ चौराहा, उदय चौक होते हुए रंगरेज घाट में मां नर्मदा तट पर पहुंची। यहां मां नर्मदा की आरती, पूजा, अरदास और पल्लव पूजा के साथ यात्रा का समापन हुआ। इसके बाद श्रद्धालु वापस मंदिर लौटकर महाआरती में शामिल हुए। इस भव्य आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। सभी भक्तों के लिए विशाल आम लंगर की व्यवस्था की गई थी, जहाँ सभी ने महाप्रसादी ग्रहण की। इसके साथ ही श्री झूलेलाल चालीसा महोत्सव का समापन हुआ।

विशेष ड्रेस कोड में कलश यात्रा के साथ निकली शोभायात्रा

समापन समारोह का मुख्य आकर्षण कलश यात्रा थी, जिसमें धर्मप्रेमी महिलाएं विशेष रूप से सफेद कुर्ता और लाल दुपट्टे की वेशभूषा में नजर आईं। बैंड-बाजे के साथ निकली इस कलश यात्रा और बहिराणा साहिब की शोभायात्रा ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं और महिलाओं ने गरबा-डांडिया नृत्य कर शोभायात्रा की शोभा बढ़ाई।

सीआरपीएफ जवान ने रक्तदान कर बचाई महिला की जान

मंडला 24 अगस्त नभाप्र. मानवता और सेवा की मिसाल पेश करते हुए 148वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ के जवान लोगों की मदद के लिए प्रतिबद्ध है। इसी के अंतर्गत सीआरपीएफ के एक जवान ने रक्तदान करके एक जरूरतमंद महिला की जान बचाई। बताया गया कि ग्राम भिलाई की 24 वर्षीय कमलवती साहू को तत्काल ओ पॉजिटिव रक्त की जरूरत थी। जिला चिकित्सालय मंडला के डॉक्टर प्रवीण उइके ने उन्हें तुरंत रक्त चढ़ाने की सलाह दी, लेकिन ब्लड बैंक में इस ग्रुप का रक्त उपलब्ध नहीं था।

बताया गया कि ऐसी आपात स्थिति में अस्पताल प्रबंधन ने 148वीं वाहिनी सीआरपीएफ से संपर्क किया। वाहिनी के कमांडेंट विक्रांत सारंगपाणि के निर्देश पर सिपाही राजीव कुमार राठौर तत्काल जिला चिकित्सालय मंडला पहुंचे और एक यूनिट ओ पॉजिटिव रक्त दान किया। राजीव कुमार राठौर ने इस नेक कार्य के बाद आम जनता से भी रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने संदेश दिया कि रक्तदान करने से स्वास्थ्य पर कोई बुरा प्रभाव नहीं पड़ता, बल्कि यह किसी का जीवन बचाने में मदद करता है।

पोर्टल में सुधार नहीं हुआ तो 1 सितंबर से काम बंद

मंडला। मध्यप्रदेश पटवारी संघ ने वेबजीआईएस 2.0 पोर्टल में आ रही लगातार तकनीकी खामियों के विरोध में आज जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करने का फैसला किया है। संघ आज सुबह 11 बजे जिला कलेक्टर के माध्यम से प्रमुख सचिव (राजस्व) को एक ज्ञापन सौंपेगा। मध्य प्रदेश पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष गीतेन्द्र गीतू बैरागी ने बताया कि पोर्टल में आ रही लगातार त्रुटियों और विसंगतियों को लेकर पूरे प्रदेश में आंदोलन तेज कर दिया गया है।

श्री गणेश, दुर्गा की प्रतिमाओं से महक रही बबलिया की कला

मूर्तिकार राजेश की कलाकारी से जीवंत हो उठती हैं मूर्तियां

बबलिया 24 अगस्त नभाप्र. कला और आस्था का अद्भुत संगम बबलिया गांव में हर वर्ष मूर्तिकार राजेश चक्रवर्ती और भूपेंद्र चक्रवर्ती द्वारा तैयार की गई दुर्गा और श्री गणेश की प्रतिमाओं में देखने को मिलता है। ये कलाकार सदियों पुरानी परंपरा को जीवित रखते हुए मिट्टी से बनी इन प्रतिमाओं में जान फूंक देते हैं। हर साल यहां 200 से ज्यादा गणेश प्रतिमाएं बनाकर विक्रय करते है। जिन्हें भक्तगण बड़े ही श्रद्धा और प्रेम के साथ अपने घरों और पंडालों में स्थापित करते हैं।

बताया गया कि गणेश चतुर्थी और दुर्गा पूजा के आने से पहले ही चक्रवर्ती परिवार के घर पर चहल-पहल शुरू हो जाती है। मिट्टी और रंग की महक पूरे वातावरण में फैल जाती है। राजेश चक्रवर्ती बताते हैं कि मिट्टी से बनी इन मूर्तियों की डिमांड हर साल बढ़ती जा रही है, क्योंकि ये पर्यावरण के अनुकूल होती हैं। श्रद्धालु भी इन मूर्तियों को प्राथमिकता देते हैं क्योंकि वे प्राकृतिक होती हैं और पूजा-अर्चना के बाद इनका विसर्जन आसानी से हो जाता है।

बबलिया के स्थानीय लोग इन कलाकारों की बहुत तारीफ करते हैं। वे कहते हैं कि राजेश और भूपेंद्र की कला न सिर्फ आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह हमारे क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को भी संजोकर रख रहे है इन मूर्तियों को बनाने में उनका समर्पण और मेहनत स्पष्ट दिखाई देती है।

13 सितंबर को लगने वाली नेशनल लोक अदालत से मिलेगा न्याय

निवास में आगामी लोक अदालत की तैयारी, अधिवक्ताओं के साथ हुई बैठक

निवास 24 अगस्त नभाप्र. निवास में आगामी नेशनल लोक अदालत की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। आयोजित होने वाली लोक अदालत 13 सितंबर को लगाई जाएगी। जिसमें आपसी सुलह-समझौते के जरिए अधिक से अधिक मामलों का निपटारा किया जाएगा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार इस बैठक की अध्यक्षता जिला न्यायाधीश प्रवीण कुमार सिन्हा ने की। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं से आग्रह किया कि वे अपने मुवक्किलों को लोक अदालत के माध्यम से मामलों का समाधान करने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि 13 सितंबर को होने वाली इस लोक अदालत में मोटर व्हीकल एक्ट, 138 एनआई एक्ट चेक बाउंस और अन्य सभी प्रकार के सुलह योग्य मामलों को शामिल किया जाएगा। बैठक में न्यायिक मजिस्ट्रेट पद्मिनी सिंह और सैफी ताजिर तमन्ना के साथ अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जीपी रजक और सचिव बृजेश कुमार दुबे समेत सभी अधिवक्ता मौजूद रहे। जिला न्यायाधीश प्रवीण कुमार सिन्हा ने अधिवक्ताओं की समस्याओं को भी सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने आम जनता से अपील की है कि वे इस लोक अदालत का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं। यह उनके समय और पैसे दोनों की बचत करेगा और उन्हें बिना किसी लंबी कानूनी प्रक्रिया के जल्द न्याय मिल सकेगा।

परंपरा अनुसार पोला भड़गा में कबड्डी, कुश्ती का आयोजन

भुआ बिछिया 24 अगस्त नभाप्र. परंपरा अनुसार पोला भडगा पर्व के उपलक्ष्य में बिछिया जनपद पंचायत के ग्राम गुड़ली में रविवार को कबड्डी एवं कुश्ती प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन में गुड़ली, गुनेरा, लालिपुर, कोको सहित आसपास के ग्रामों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह प्रतियोगिता पिछले 10-15 वर्षों से लगातार पोला भडगा पर्व पर आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण बच्चों और युवाओं को खेलों के माध्यम से एकजुट करना है। कबड्डी और कुश्ती जैसे पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में यह आयोजन ग्रामीण अंचल में खेल भावना को जीवित रखे हुए है। कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आयोजन समिति व ग्रामवासियों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इससे गांव में एकता और खेलों के प्रति रुचि बढ़ती है। इस अवसर पर ग्राम के मुखिया उत्तम अग्रवाल, सुनील गर्ग, सरपंच व पंच सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संचालन एवं सहयोग में अनिल मरावी, राजकुमार, मनोज मरावी, राजेश परवार, राजेश सोनवानी, संजू मरावी, शिवराज मरकाम, रमेश मरकाम, पुष्पराज समिति सदस्य व ग्रामवासी सतीश मरावी, बुधराम मरकाम आदि सक्रिय रहे।

ब्रह्माकुमारीज संस्थान ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

रक्तदान महादान के नारे से गूंजा हेल्थ केयर

मंडला 24 अगस्त नभाप्र. प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि के अवसर पर डीके हेल्थ केयर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ब्रह्माकुमारीज के सदस्यों, स्थानीय नागरिकों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। इस नेक पहल का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। ब्रह्माकुमारीज की क्षेत्रीय संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी ने बताया कि रक्तदान शिविर दादी प्रकाशमणि की स्मृति में भारत और नेपाल के सभी ब्रह्माकुमारीज केंद्रों पर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रक्त सबसे अनमोल उपहार है, और रक्तदान करके हम किसी को नया जीवन दे सकते हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित नपा अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने ब्रह्माकुमारीज संस्थान के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे रक्तदान जरूर करें जिससे जरूरतमंद लोगों की जान बचाई जा सके। इस दौरान अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. चैतन्य धावर्डे भी मौजूद रहे। शिविर में कई लोगों ने रक्तदान किया और भविष्य में भी इस तरह के परोपकारी कार्यों में हिस्सा लेने की इच्छा जताई।

जगन्नाथ उत्कृष्ट स्कूल में लगा स्वास्थ्य शिविर, छात्रों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

स्वास्थ्य शिविर से छात्रों में जगी नई ऊर्जा

मंडला 24 अगस्त नभाप्र. शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय मंडला में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ विद्यालय की परिकल्पना को साकार करने और नीट जैसी परीक्षाओं में बैठने वाले विद्यार्थियों के सामने डॉक्टरों की टीम को देखकर एक नई ऊर्जा का संचार होता है। शिविर में जिला चिकित्सालय के आरएमओ डॉ. प्रवीण कुमार उइके ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता का मार्ग स्वस्थ मन और मस्तिष्क से ही निकलता है। हम अपनी दैनिक दिनचर्या को अनुशासित करके बीमारियों से बच सकते हैं। आज के समय में मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना बेहद जरूरी है। विद्यालय प्राचार्या कल्पना नामदेव ने बताया कि वर्षा ऋतु में वायरल संक्रमण बढ़ जाता है, इसलिए छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण बहुत जरूरी था। उन्होंने डॉक्टरों और स्वास्थ्य टीम का आभार व्यक्त किया। शिविर का संचालन करियर काउंसलर अखिलेश उपाध्याय ने किया, जिन्होंने शरीर ही धर्म का पहला साधन है के दर्शन पर बात की। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान कई छात्रों में मौसमी बुखार और सर्दी-जुकाम के लक्षण पाए गए, जिन्हें मौके पर ही दवाइयां दी गईं। कुछ छात्रों को, जिनकी स्वास्थ्य समस्याएं थोड़ी गंभीर थीं, उन्हें जिला चिकित्सालय में जाँच करवाने की सलाह दी गई। इस स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने में रेडक्रॉस, स्काउट, एनएसएस और इको क्लब जैसे विभिन्न क्लबों के छात्रों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस दौरान विद्यालय का पूरा स्टाफ भी मौजूद था, जिसमें कन्हैया वरमैया, शैलेश जयसवाल, आशीष बाजपेई, देवेंद्र कछवाहा, प्रवीण अग्रवाल, दिलेन्द्र सिंगोर, नागेंद्र चौहान, नाथू सिंह घोसी, प्रखर पटेल, शालिनी साहू, रंजना पांडे, सोनल अग्निहोत्री, मातेश्वरी परस्ते, संजय धनगर, कीर्ति शुक्ला, शालिनी साहू और अरुण दुबे शामिल थे।

ग्रामीणों के साथ मिलकर बाघों और जंगल को बचाने की पहल

कान्हा टाइगर रिजर्व ने शुरू किया वन्य जीव संरक्षण के लिए बघवा संगत कार्यक्रम

भुआबिछिया 24 अगस्त नभाप्र. कान्हा टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने वन्य जीव संरक्षण और ग्रामीणों के साथ आपसी समन्वय बढ़ाने के लिए एक नया और अनूठा कार्यक्रम बघवा संगत शुरू किया है। इस पहल की शुरुआत सिझोरा बफर परिक्षेत्र के ग्राम धरमपुरी से की गई। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों, खासकर बुजुर्गों के अनुभव को समझना और उनकी समस्याओं का समाधान करना है। एसडीओ बफर क्षेत्र कान्हा टाइगर रिजर्व के आशीष कुमार पांडे ने बताया कि बघवा संगत का मतलब ग्रामीणों के साथ संवाद स्थापित करना है। इस कार्यक्रम के तहत वन विभाग के अधिकारी शाम के समय गांवों में जाकर लोगों से सीधे बातचीत करेंगे। इसका लक्ष्य वन्य प्राणी संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाना और ग्रामीणों को इस मुहिम में शामिल करना है।

एसडीओ आशीष कुमार पांडे ने कहा कि भारी बारिश और पोला त्यौहार होने के बावजूद ग्रामीणों की उपस्थिति ने हमारा उत्साह बढ़ाया है। आयोजित बघवा संगत कार्यक्रम अब नियमित रूप से गांवों में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों को वन्य जीव संरक्षण और ग्राम विकास से जुड़े विषयों पर वीडियो और शॉर्ट मोटिवेशनल फिल्मों के माध्यम से जानकारी दी गई। यह पहल वन और वन्यजीवों को बचाने के लिए ग्रामीणों और प्रबंधन के बीच एक मजबूत पुल का काम करेगी।

मंडला के दो पुलिसकर्मी डीजीपी अवॉर्ड से सम्मानित

पूरे प्रदेश में मिली पहचान

साइबर सेल और कोतवाली के जवान को मिला अति उत्कृष्ट सेवा पदक

मंडला 24 अगस्त नभाप्र. मंडला जिले के दो पुलिसकर्मियों को नवंबर 2024 माह में उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा द्वारा सम्मानित किया गया है। आरक्षक सुरेश भटेरे साइबर सेल और आरक्षक पुनीत जंघेला थाना कोतवाली को डीजीपी प्रशस्ति पत्र और अति उत्कृष्ट सेवा पदक से नवाजा गया है।

बताया गया कि प्रदेश के कुल 80 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को नवंबर 2024 माह के लिए यह सम्मान दिया गया, जिसमें साइबर सेल के आरक्षक सुरेश भटेरे और थाना कोतवाली के आरक्षक पुनीत जंघेला शामिल हैं। यह पुरस्कार डीजीपी कैलाश मकवाणा द्वारा उत्कृष्ट कार्य, निष्ठा और अनुकरणीय सेवा के लिए प्रदान किया गया। इन दोनों पुलिसकर्मियों के नाम जिला पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा की अनुशंसा पर भेजे गए थे, जिसे डीजीपी ने स्वीकृति दी।

इनका रहा उत्कृष्ट योगदान

बताया गया कि आरक्षक सुरेश भटेरे साइबर सेल में पदस्थ है। उन्हें यह सम्मान साइबर अपराधों के मामलों को सुलझाने में उनकी तकनीकी दक्षता और महत्वपूर्ण भूमिका के लिए दिया गया है। सुरेश ने नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल और सीईआईआर पोर्टल जैसे जनहितैषी प्लेटफॉर्म को थाना स्तर पर सफलतापूर्वक संचालित करने में भी अहम भूमिका निभाई है। वहीं आरक्षक पुनीत जंघेला थाना कोतवाली में पदस्थ है। पुनीत को थाना क्षेत्र के मामलों में उनके सक्रिय सहयोग, नई तकनीकों के प्रयोग और सबसे ज्यादा मोबाइल रिकवर करने जैसे कार्यों के लिए सम्मानित किया गया है। पुलिस अधीक्षक मंडला ने कहां कि दोनों की यह उपलब्धि मंडला पुलिस के सामूहिक समर्पण और सेवा भावना का प्रतीक है। पुलिस अधीक्षक मंडला ने इस सफलता पर दोनों पुलिसकर्मियों को बधाई दी और भविष्य में भी इसी लगन से मध्य प्रदेश पुलिस के लिए कार्य करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। इस सम्मान से जिले के समस्त पुलिस बल का मनोबल और उत्साह बढ़ा है।

महासम्मेलन | पीएचई मंत्री संपतिया उइके ने आत्मनिर्भर भारत में कुम्भकार समाज की भूमिका को सराहा

मंडला में कुम्भकार महोत्सव, समाज की कला और योगदान को मिला सम्मान

मंडला 24 अगस्त नभाप्र. मंडला के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के सभागार में अखिल भारतीय प्रजापति कुम्भकार महासंघ और जिला चक्रवर्ती कुम्भकार संघ द्वारा कुम्भकार महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय मंत्री संपतिया उइके शामिल हुईं। महोत्सव का उद्देश्य समाज की कला और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को बढ़ावा देना था। इस दौरान युवक-युवती महासम्मेलन का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने कहां कि मप्र के 11 जिले अनुसूचित जाति में आ रहे हैं, शेष जिले अन्य पिछड़ा वर्ग में है। इन सभी बातों को लेकर भी कार्यक्रम के दौरान चर्चा की गई। इस दौरान कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके से अतिथियों ने इस बात को कैबिनेट में रखने की बात कही।

आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके ने कुम्भकार समाज के परिश्रम और कला की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मिट्टी से दैनिक उपयोगी वस्तुएं बनाने की यह कला आत्मनिर्भर भारत की भावना को मजबूत करती है और देश की सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने यह भी बताया कि केंद्र और राज्य सरकारें कारीगरों को सशक्त बनाने के लिए कई योजनाएं चला रही हैं, जिनमें वोकल फॉर लोकल और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना प्रमुख हैं।

समारोह में कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके, बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा, नपा अध्यक्ष विनोद कछवाहा, छत्तीसगढ़ माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष शंभू नाथ चक्रवर्ती, अखिल भारतीय कुंभकार संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष गंगाराम प्रजापति, जिला अध्यक्ष बलराम चक्रवर्ती, बिछिया ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश चक्रवर्ती, कुंभकार संघ अध्यक्ष रामकली प्रजापति घुघरी , कुंभकार संघ जिला उपाध्यक्ष ज्ञानी राम चक्रवर्ती, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर चक्रवर्ती, कार्यक्रम संयोजक मंगलेश चक्रवर्ती, मुकेश प्रजापति नगर अध्यक्ष नैनपुर, संतोष चक्रवर्ती, समाजसेवी प्रदीप चक्रवर्ती, चंद्रप्रकाश चक्रवर्ती कोशाधायक, विवेक चक्रवर्ती, मनीष चक्रवर्ती, शैलेंद्र प्रजापति समेत छिंदवाड़ा, रीवा, नैनपुर, कटनी, डिंडोरी, सिवनी, बालाघाट और गोंदिया जैसे विभिन्न जिलों से आए कुम्भकार समाज के सदस्यों ने भाग लिया।